## मार्गदर्शिका भाग-1

## "इतना तो मेरे बच्चे कर ही सकते हैं....।"

कोविड-19 ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है। शिक्षा भी इससे अछूती नहीं रही। पढ़ई तुँहर दुआर, पढ़ई तुँहर पारा, ऑनलाइन कक्षाएँ जैसे प्रयासों के बावजूद बच्चों के सीखने की प्रक्रिया गति नहीं पकड़ पाई है, परंतु बच्चों की सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को ऐसे ही नहीं छोड़ा जा सकता। राज्य शासन संकल्पित है कि कक्षा 1 से 8 तक शत-प्रतिशत बच्चों को भाषा एवं गणित की बुनियादी दक्षताएँ अनिवार्य रूप से आ ही जाएँ। ये दक्षताएँ प्रारंभिक व आसान हैं। हमारा विश्वास है कि हर बच्चा इन्हें सीख सकता है और हर शिक्षक इन्हें सिखा सकता है। इस पूरे कार्यक्रम को नाम दिया गया है – **"इतना तो मेरे बच्चे कर ही सकते हैं...।"**

- यह कार्य दिसम्बर 2020 के तृतीय सप्ताह से मार्च 2021 अर्थात् 100 दिनों में पूर्ण किया जाना है। कक्षा 1 से 8 तक के समस्त विद्यार्थियों को तीन समूहों में रखा गया है -

    समूह 1 - कक्षा 1 से 2

    समूह 2 - कक्षा 3 से 5

    समूह 3 - कक्षा 6 से 8
- राज्य द्वारा पढ़ई तुँहर दुआर (cgschool.in) पोर्टल में ही ऑनलाइन की व्यवस्था की गई है। जिसकी मदद से हर बच्चे की आकलन रिपोर्ट तैयार की जा सकेगी।
- इस रिपोर्ट से पता चलेगा कि कौन से बच्चे इन दक्षताओं को प्राप्त कर चुके हैं और कौन से नहीं कर पाए हैं। जिन बच्चों ने दक्षताएँ प्राप्त नहीं की है उनका उपचारात्मक शिक्षण किया जावेगा। उपचारात्मक शिक्षण हेतु शिक्षक स्वयं द्वारा निर्मित सामग्री या परिषद् द्वारा तैयार की गई सामग्रियों का उपयोग कर सकते हैं ।
- उपचारात्मक शिक्षण प्रत्येक माह के तृतीय सप्ताह तक किया जावेगा तथा अंतिम सप्ताह में आकलन किया जावेगा। जिन विद्यार्थियों ने ये दक्षताएँ प्राप्त कर ली हैं वे अन्य विषयों की यथावत पढ़ाई करते रहेंगे ।
- प्रतिमाह होने वाले आकलन में सभी बच्चों को अर्थात् जिन बच्चों ने दक्षताएँ हासिल कर ली हैं और वे जिनका दक्षताएँ हासिल नहीं किये जाने के कारण उपचारात्मक शिक्षण किया जा रहा होगा, दोनों प्रकार के बच्चों को शामिल किया जावेगा।
- मार्च 2021 तक प्रति माह सतत् रूप से शत्-प्रतिशत बच्चों का आकलन, उनकी प्रगति का अवलोकन एवं आवश्यकतानुसार उपचारात्मक शिक्षण किया जाता रहेगा ।
- प्रत्येक विषय में ली गई दक्षताओं को चार उपदक्षताओं में बांटा गया है। शिक्षक जब पूरी तरह से संतुष्ट हो जाएँ कि बच्चे ने किसी उपदक्षता को पूर्ण रूप से प्राप्त कर लिया है तभी **'हाँ'** का विकल्प चुनें।
- सत्रांत तक सभी संस्था प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के शत्-प्रतिशत बच्चों ने भाषा एवं गणित की बुनियादी दक्षताएँ हासिल कर ली हैं ।

आकलन हेतु पोर्टल में जाने के लिए शिक्षक निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करें -

**https://www.cgschool.in** में लॉग-इन करें।

↓

शिक्षक कार्य का चयन करें।

↓

'विद्यार्थी का असिसमेंट करें' का चयन करें।

↓

विद्यार्थी का समूह दिखाई देगा।

↓

कक्षा का चयन करें।

↓

माह का चयन करें।

↓

जिन विद्यार्थी का आकलन करना है उसे चयन करें।

↓

हिंदी व गणित की दक्षताएँ एवं उसके  स्तर दिखाई पड़ेगें

↓

बच्चा जिस स्तर पर है उस स्तर को टैब करें

↓

सबमिट करें।

विषयवार दक्षाताएँ आगामी पृष्ठों में दी गई है ।

------००००------

# "इतना तो मेरे बच्चे कर ही सकते हैं....।"

## विषय - हिंदी

कक्षा 1 से 8 के लिए भाषा की 3, 3 दक्षताएँ - **सुनना बोलना, पढ़ना तथा लिखना** निर्धारित है। प्रत्येक दक्षता की 4-4 उपदक्षताएँ हैं।

### कक्षा 1, 2

| 1.1 दक्षता - सुनना, बोलना | | | |
|---|---|---|---|
| H 1.1.1 | सरल निर्देशों को सुनकर समझ पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 1.1.2 | कविता/कहानी को ध्यानपूर्वक सुनता है। | हाँ | नहीं |
| H 1.1.3 | कविता/कहानी को सुना पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 1.1.4 | कविता/कहानी से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दे पाता है। | हाँ | नहीं |

| 1.2 दक्षता - पढ़ना | | | |
|---|---|---|---|
| H 1.2.1 | वर्णों को पहचानता है। | हाँ | नहीं |
| H 1.2.2 | वर्णों को जोड़कर शब्द पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 1.2.3 | वर्णों में मात्रा लगाकर शब्दों को पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 1.2.4 | सरल वाक्यों को पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |

| 1.3 दक्षता - लिखना | | | |
|---|---|---|---|
| H 1.3.1 | वर्णों को लिख पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 1.3.2 | बिना मात्रा वाले वर्णों को जोड़कर शब्द लिख पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 1.3.3 | वर्णों में मात्रा लगाकर शब्दों को लिख पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 1.3.4 | सरल वाक्यों को लिख पाता है। | हाँ | नहीं |

### कक्षा 3 से 5

| 2.1 दक्षता - सुनना, बोलना | | | |
|---|---|---|---|
| H 2.1.1 | कविता/कहानी को सुनकर प्रश्नों के उत्तर दे पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 2.1.2 | सुनी हुई कविता/कहानी के बारे में बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 2.1.3 | कविता/कहानी पर विचार व्यक्त कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 2.1.4 | कविता/कहानी को अपने मन से आगे बढ़ा पाता है। | हाँ | नहीं |

| 2.2 दक्षता – पढ़ना | | | |
|---|---|---|---|
| H 2.2.1 | वर्णों को पहचानता है। | हाँ | नहीं |
| H 2.2.2 | शब्दों को पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 2.2.3 | सरल वाक्यों को पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 2.2.4 | छोटा अनुच्छेद पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |

| 2.3 दक्षता – लिखना | | | |
|---|---|---|---|
| H 2.3.1 | वर्णों को लिख पाता हैं। | हाँ | नहीं |
| H 2.3.2 | शब्दों को लिख पाता हैं। | हाँ | नहीं |
| H 2.3.3 | सरल वाक्यों को लिख पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 2.3.4 | सुनकर लिख पाता है। | हाँ | नहीं |

**कक्षा 6 से 8**

| 3.1 दक्षता - सुनना, बोलना | | | |
|---|---|---|---|
| H 3.1.1 | चित्र/वस्तु देखकर उसके बारे में बता पाता है । | हाँ | नहीं |
| H 3.1.2 | सुनी हुई बातों/खबरों को बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 3.1.3 | कविता/कहानी के पात्रों के बारे में बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 3.1.4 | कविता/कहानी पर अपने विचार व्यक्त कर पाता है। | हाँ | नहीं |

| 3.2 दक्षता – पढ़ना | | | |
|---|---|---|---|
| H 3.2.1 | शब्दों को पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 3.2.2 | सरल वाक्यों को पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 3.2.3 | चार्ट/स्लोगन/समाचार पत्र को पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 3.2.4 | पढ़ी गई सामग्री का सारांश बता पाता है। | हाँ | नहीं |

| 3.3 दक्षता – लिखना | | | |
|---|---|---|---|
| H 3.3.1 | शब्दों को सुनकर लिख पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 3.3.2 | वाक्यों को लिख पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 3.3.3 | कविता/कहानी से पूछे गए प्रश्नों का उत्तर लिख पाता है। | हाँ | नहीं |
| H 3.3.4 | इमला लिख पाता है। | हाँ | नहीं |

# गणित

## कक्षा 1, 2

| Code M 1.1 | लक्ष्य - संख्याओं की समझ (बीस तक की संख्याएँ) | | |
|---|---|---|---|
| M 1.1.1 | वस्तुओं को ठीक-ठीक गिन पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.1.2 | चीजों को दस-दस के समूह और खुले के रूप में बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.1.3 | इन्हें संख्या के रूप में लिख पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.1.4 | दी गई संख्या के लिए वस्तुएँ गिन पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 1.2 | लक्ष्य - जोड़ की समझ (बीस तक की संख्याएँ) | | |
|---|---|---|---|
| M 1.2.1 | वस्तुओं की सहायता से जोड़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.2.2 | जोड़ की इस प्रक्रिया को बोल कर बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.2.3 | जोड़ की इस प्रक्रिया को चित्रों के माध्यम से बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.2.4 | इसे संख्याओं के रूप में लिख पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 1.3 | लक्ष्य - घटाने की समझ (बीस तक की संख्याएँ) | | |
|---|---|---|---|
| M 1.3.1 | वस्तुओं की सहायता से घटाने का काम कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.3.2 | इस प्रक्रिया को बोल कर बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.3.3 | इस प्रक्रिया को चित्रों के माध्यम से बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.3.4 | इसे संख्याओं के रूप में लिख पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 1.4 | लक्ष्य - पहाड़े बनाना (दो तक) : गुणा की समझ | | |
|---|---|---|---|
| M 1.4.1 | पहाड़ा बनाने की प्रक्रिया को समझ पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.4.2 | स्वयं पहाड़े की तालिका बना पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.4.3 | तालिका को पहाड़े की तरह पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.4.4 | पूछने पर मौखिक रूप से पहाड़ा पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 1.5 | लक्ष्य - बराबर-बराबर बाँटना : भाग की समझ | | |
|---|---|---|---|
| M 1.5.1 | दी गई वस्तुओं को बराबर-बराबर बाँट पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.5.2 | अपने काम को बोलकर बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.5.3 | बाँटने की प्रक्रिया से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दे पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.5.4 | स्वयं नई संख्या लेकर उतनी वस्तुओं को बाँट पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 1.6 | लक्ष्य - अमानक इकाइयों से परिमाप निकालना | | |
|---|---|---|---|
| M 1.6.1 | परिमाप का अर्थ समझता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.6.2 | अमानक इकाइयों से दी गई वस्तु का परिमाप निकाल पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.6.3 | किन्हीं दो अमानक इकाइयों में परिमाप निकाल पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.6.4 | कोई आकृति बनाकर उसका परिमाप निकाल पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 1.7 | लक्ष्य - पैटर्न बनाना | | |
|---|---|---|---|
| M 1.7.1 | सरल पैटर्न को समझकर आगे बढ़ा पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.7.2 | पैटर्न में हो रहे बदलाव पर बात कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.7.3 | किसी पैटर्न में उपयोग की गई वस्तु को बदलकर वैसा ही पैटर्न बना पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 1.7.4 | नए पैटर्न बनाने का प्रयत्न करता है। | हाँ | नहीं |

## कक्षा 3, 4 एवं 5

| Code M 2.1 | **लक्ष्य - संख्याओं की समझ (सौ तक की संख्याएँ)** | | |
|---|---|---|---|
| M 2.1.1 | वस्तुओं को ठीक-ठीक गिन पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.1.2 | चीजों को दस-दस के समूह और खुले के रूप में बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.1.3 | इन्हें संख्या के रूप में लिख पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.1.4 | दी गई संख्या के लिए वस्तुएँ गिन पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 2.2 | **लक्ष्य - जोड़ की समझ (पचास तक की संख्याएँ)** | | |
|---|---|---|---|
| M 2.2.1 | वस्तुओं की सहायता से जोड़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.2.2 | जोड़ की इस प्रक्रिया को बोल कर बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.2.3 | जोड़ की इस प्रक्रिया को चित्रों के माध्यम से बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.2.4 | इसे संख्याओं के रूप में लिख पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 2.3 | **लक्ष्य - घटाने की समझ (पचास तक की संख्याएँ)** | | |
|---|---|---|---|
| M 2.3.1 | वस्तुओं की सहायता से घटाने का काम कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.3.2 | इस प्रक्रिया को बोल कर बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.3.3 | इस प्रक्रिया को चित्रों के माध्यम से बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.3.4 | इसे संख्याओं के रूप में लिख पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 2.4 | **लक्ष्य - पहाड़े बनाना (पाँच तक) : गुणा की समझ** | | |
|---|---|---|---|
| M 2.4.1 | पहाड़ा बनाने की प्रक्रिया को समझ पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.4.2 | स्वयं पहाड़े की तालिका बना पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.4.3 | तालिका को पहाड़े की तरह पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.4.4 | पूछने पर मौखिक रूप से पहाड़ा पढ़ पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 2.5 | **लक्ष्य - बराबर-बराबर बाँटना : भाग की समझ** | | |
|---|---|---|---|
| M 2.5.1 | दी गई वस्तुओं को बराबर-बराबर बाँट पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.5.2 | अपने काम को बोलकर बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.5.3 | बाँटने की प्रक्रिया से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दे पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.5.4 | स्वयं नई संख्या लेकर उतनी वस्तुओं को बाँट पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 2.6 | लक्ष्य – अमानक एवं मानक इकाइयों से परिमाप निकालना | | |
|---|---|---|---|
| M 2.6.1 | परिमाप का अर्थ समझता है और बता पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.6.2 | अमानक एवं मानक इकाइयों से दी गई वस्तुओं का परिमाप निकाल पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.6.3 | किन्हीं दो मानक इकाइयों में परिमाप निकाल पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.6.4 | कोई आकृति बनाकर उसका परिमाप निकाल पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 2.7 | लक्ष्य - पैटर्न बनाना | | |
|---|---|---|---|
| M 2.7.1 | सरल पैटर्न को समझकर आगे बढ़ा पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.7.2 | पैटर्न में हो रहे बदलाव पर बात कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.7.3 | किसी पैटर्न में उपयोग की गई वस्तु को बदलकर वैसा ही पैटर्न बना पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 2.7.4 | नए पैटर्न बनाने का प्रयत्न करता है। | हाँ | नहीं |

## कक्षा 6 - 8

| Code M 3.1 | लक्ष्य - संख्याओं की समझ। | | |
|---|---|---|---|
| M 3.1.1 | 1 से 999 तक की गिनती की पहचान कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.1.2 | 999 तक की संख्याओं को क्रम से लिख पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.1.3 | 99 तक की संख्याओं को शब्दों में लिख पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 3.2 | लक्ष्य - जोड़ की समझ। | | |
|---|---|---|---|
| M 3.2.1 | दो अंकों की संख्याओं में जोड़ कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.2.2 | तीन अंकों की संख्याओं में दो अंकों की संख्याओं का जोड़ कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.2.3 | दो अंकों की संख्याओं को जोड़ने पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याओं को हल कर पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 3.3 | लक्ष्य – घटाने की समझ। | | |
|---|---|---|---|
| M 3.3.1 | दो अंकों की संख्याओं में घटाव कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.3.2 | तीन अंकों की संख्याओं में दो अंकों की संख्याओं का घटाव कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.3.3 | दो अंकों की संख्याओं को घटाने पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याओं को हल कर पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 3.4 | लक्ष्य – गुणा की समझ। | | |
|---|---|---|---|
| M 3.4.1 | बार-बार जोड़ने की प्रक्रिया को गुणा के रूप में समझ पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.4.2 | दो अंकों की संख्या को एक अंक की संख्या से गुणा कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.4.3 | तीन अंकों की संख्या को एक अंक की संख्या से गुणा कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.4.4 | गुण्य, गुणक एवं गुणनफल को पहचान पाता है। | हाँ | नहीं |

| Code M 3.5 | **लक्ष्य – भाग की समझ।** | | |
|---|---|---|---|
| M 3.5.1 | दी गई वस्तुओं को बराबर – बराबर (दो/तीन/चार) भागों में बांट पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.5.2 | दो अंकों की संख्या को एक अंक की संख्या से भाग कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.5.3 | तीन अंकों की संख्या को एक अंक की संख्या से भाग कर पाता है। | हाँ | नहीं |
| M 3.5.4 | भाज्य, भाजक, भागफल एवं शेषफल को पहचान पाता है। | हाँ | नहीं |

------oooo------